INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

REET

Level – 2

राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा

ॐ सरस्वती मया दृष्ट्वा, वीणा पुस्तक धारणीम।

हंस वाहिनी समायुक्ता मां विद्या दान करोतु में ॐ।।

भाग – 4

सामाजिक अध्ययन – 2

प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) लेवल – 2** " को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है । ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) लेवल – 2 भर्ती परीक्षा "** में पूर्ण संभव मदद करेंगें ।*

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती हैं । अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें – https://wa.link/98bnwi

Online Order करें – https://shorturl.at/ixJQI

https://shorturl.at/belyI

मूल्य : ₹	**संस्करण : नवीनतम**

राजस्थान का भूगोल		
क्र.सं.	अध्याय	पेज
1.	सामान्य परिचय	1
2.	भौतिक प्रदेश	17
3.	जलवायु	27
4.	अपवाह प्रणाली	35
5.	मृदा, जल-संरक्षण एवं संग्रहण	53
6.	कृषि एवं प्रमुख फसलें	59
7.	खनिज एवं उर्जा संसाधन	79
8.	राजस्थान की प्रमुख नहरें एवं नदी घाटी परियोजनाएं	97
9.	परिवहन	102
10.	उद्योग एवं जनसंख्या	108
11.	पर्यटन स्थल	119
12.	राजस्थान में वन सम्पदा एवं वन्य जीव अभ्यारण्य	123
राजस्थान का इतिहास		
1.	राजस्थान इतिहास के स्रोत	131
2.	प्राचीन सभ्यताएं	145
3.	राजस्थान के प्रमुख राजवंशों का इतिहास	153
4.	1857 की क्रांति में राजस्थान का योगदान	201
5.	राजस्थान में प्रजामंडल	204
6.	जनजाति व किसान आन्दोलन	206
7.	राजस्थान का एकीकरण	214
8.	राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व	219
राजस्थान की एवं संस्कृति		
1.	राजस्थान की विरासत (दुर्ग, महल, स्मारक)	230
2.	प्रमुख मेले एवं त्योंहार	241
3.	राजस्थान की चित्रकला	250

4.	राजस्थान के लोक नृत्य एवं लोक नाट्य	256
5.	लोक देवता और देवियाँ	258
6.	लोक संत	265
7.	लोक संगीत एवं वाद्य यंत्र	272
8.	राजस्थान में हस्त शिल्प कला	283
9.	रीति रिवाज एवं प्रथाएं	284
10.	राजस्थान की वेशभूषा एवं आभूषण	289
11.	राजस्थान की भाषा एवं साहित्य	291
	बीमा एवं बैंकिंग प्रणाली	
1.	बीमा एवं बैंक के प्रकार	301
2.	भारतीय रिज़र्व बैंक और उसके कार्य	303
3.	सहकारी समितियां	309
	शिक्षाशास्त्रीय मुद्दे – 1	
1.	सामाजिक अध्ययन की संकल्पना एवं प्रकृति	315
2.	कक्षा-कक्ष की प्रक्रियाएं क्रियाकलाप एवं विमर्श	316
3.	सामाजिक अध्ययन के अध्यापन की समस्याएँ	320
4.	समालोचनात्मक चिंतन का विकास	320
	शिक्षाशास्त्रीय मुद्दे – 2	
5.	पृच्छा / अनुभाविक साक्ष्य	322

अध्याय – I

सामान्य परिचय

प्रिय छात्रों, राजस्थान शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख राजस्थानी साहित्य विक्रम संवत 682 ई. में उत्कीर्ण बसंतगढ़ (सिरोही जिला) के शिलालेख में मिलता है।
मारवाड़ इतिहास के प्रसिद्ध लेखक "मुहणोत नैणसी"ने भी अपनी पुस्तक "नैणसी री ख्यात" में भी राजस्थान शब्द का प्रयोग किया है, लेकिन इस पुस्तक में यह शब्द भौगोलिक प्रदेश राजस्थान के लिए प्रयुक्त हुआ नहीं लगता।
महर्षि वाल्मीकि ने राजस्थान की भौगोलिक क्षेत्र के लिए "मरुकान्तार" शब्द का उल्लेख किया है।
जॉर्ज थॉमस पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने सन 1800 ई. में इस भौगोलिक क्षेत्र को "राजपूताना" शब्द कहकर पुकारा। इस तथ्य का वर्णन विलियम फ्रैंकलिन ने अपनी पुस्तक **"मिलिट्री मेमोरीज ऑफ़ मिस्टर थॉमस"** में किया है।
जॉर्ज थॉमस:- जॉर्ज थॉमस एक आयरलैंड के सैनिक थे जो कि 18वीं. सदी में भारत आए और 1798 से 180। तक भारत में एक छोटे से क्षेत्र (हिसार-हरियाणा) के राजा रहे। इन्होंने राजस्थान को "राजपूताना" शब्द इसलिए कहा क्योंकि मध्यकाल एवं पूर्व आधुनिक काल में राजस्थान में अधिकांश राजपूत राजवंशों का शासन था। ब्रिटिश काल में इस क्षेत्र को "राजपूताना" कहा जाता था।
विलियम फ्रैंकलिन:-विलियम फ्रैंकलीन मूल रूप से लंदन के निवासी थे। यह जॉर्ज थॉमस के घनिष्ट मित्र थे। उन्होंने 1805 जॉर्ज थॉमस के ऊपर "A Military Memories of George Thomas" नामक पुस्तक लिखी थी।
अकबर के नवरत्नों में से एक मध्यकालीन इतिहासकार "**अबुल फजल**" ने इस भौगोलिक क्षेत्र के लिए "**मरुभूमि**" शब्द का प्रयोग किया है।
1829 ईस्वी में "कर्नल जेम्स टॉड" ने अपनी पुस्तक **"एनाल्स एंड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान"** में सर्वप्रथम राजस्थान को "**रजवाड़ा**" या राजस्थान का नाम दिया था।
कर्नल जेम्स टॉड:- कर्नल जेम्स टॉड 1818 से 1822। के मध्य मेवाड़ (उदयपुर) प्रांत में एक पॉलिटिकल (राजनीतिक) एजेंट थे तथा कुछ समय तक मारवाड़ रियासत के ब्रिटिश एजेंट भी रहे। कर्नल जेम्स टॉड इंग्लैंड के मूल निवासी थे, उन्होंने अपने घोड़े पर घूम - घूम कर राजस्थान के इतिहास लेखन का कार्य किया इसलिए इन्हें घोड़े वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है।
कर्नल जेम्स टॉड को **"राजस्थान के इतिहास का पितामह"** कहा जाता है।
कर्नल जेम्स टॉड की पुस्तक एनाल्स एंड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान" को **"सेंट्रल एंड वेस्टर्न राजपूत स्टेट्स ऑफ इंडिया"** के नाम से भी जानते है।
इस पुस्तक का पहली बार हिंदी अनुवाद राजस्थान के प्रसिद्ध इतिहासकार "**गौरीशंकर -हीराचन्द ओझा**" ने किया था। इसे हिंदी में "**प्राचीन राजस्थान का विश्लेषण**" कहते है।
महाराज भीम सिंह ने कर्नल की सेवाओं से प्रभावित होकर गांव का नाम "**टॉडगढ़**" रख दिया था, जो कालांतर में टाडगढ़ कहलाने लगा जोकि आज ब्यावर जिले की तहसील का मुख्यालय है।

(ख) राजस्थान की स्थिति:-

1. **राजस्थान की स्थिति "पृथ्वी" पर:-** पृथ्वी पर राजस्थान की स्थिति को समझने से पहले निम्नलिखित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझना होगा-
(क) अंगारालैंड/युरेशियल प्लेट
(ख) गोंडवाना लैंड प्लेट
(ग) टेथिस सागर
(घ) पेंजिया
(ड) पेंथाल्जा

नोट:- प्रिय छात्रों, कृपया ध्यान दें कि – आज से करोड़ों वर्ष पहले पृथ्वी सिर्फ दो हिस्सों में बटी हुई थी

1. **स्थल**
2. **जल**

जैसा कि आज भी है, लेकिन वर्तमान में यदि हम स्थल मंडल को देखेंतो हमें यह कई भागों में विभाजित हुआ दिखता है, जैसे सात महाद्वीप अलग-अलग है। उनके भी कई देश एक-दूसरे से काफी अलग अलग है इत्यादि। लेकिन बहुत पहले संपूर्ण स्थलमंडल सिर्फ एक ही था; इसी स्थलीय क्षेत्र को "**पेंजिया**" के नाम से जानते थे तथा बाकी बचे हुए हिस्से को (जल वाले क्षेत्र को) "**पेंथाल्जा**" के नाम से जानते थे। अब इसे नीचे दिए गए मानचित्र से समझने की कोशिश कीजिए-



प्रिय छात्रों, पृथ्वी परिक्रमण एवं परिभ्रमण गति करती है अर्थात् अपने स्थान पर भी (1 दिन में) घूमती है, और सूर्य का चक्कर भी लगाती है। पृथ्वी की इस गति की वजह से स्थल मंडल की प्लेटों में हलचल होने की वजह से पंजिया (स्थलीय क्षेत्र) दो भागों में विभाजित हो गया जिसके उत्तरी भाग में उत्तरी अमेरिका, यूरोप और उत्तरी

एशिया का निर्माण हुआ इस स्थलीय क्षेत्र को "**अंगारा लैंड / यूरेशियन प्लेट**" के नाम से जानते है।
इसके दूसरे भाग (दक्षिणी) में दक्षिणी अमेरिका, दक्षिणी एशिया, अफ्रीका तथा अंटार्कटिका का निर्माण हुआ, इस क्षेत्र को "**गोंडवाना लैंड**"'प्लेट' के नाम से जानते है।
दोनों प्लेटों के बीच में विशाल सागर था जिसे "**टेथिस सागर**" के नाम से जानते थे।- इसको नीचे दिए गए मानचित्र की सहायता से समझते हैं-



नोटः- राजस्थान का पश्चिमी रेगिस्तान तथा रेगिस्तान में स्थित खारे पानी की झीले "**टेथिस सागर**" के अवशेष हैं तथा राजस्थान का मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्र (अरावली पर्वत माला) एवं दक्षिण पूर्वी पठार भाग "गोंडवाना लैंड" प्लेट के हिस्से है।

टेथिस सागर- टेथिस सागर गोंडवाना लैंड प्लेट और युरेशियल प्लेट के मध्य स्थित एक सागर के रूप में कल्पित किया जाता है जो कि एक छिछला और संकरा सागर था और इसी में जमा अवसादो के प्लेट विवर्तनिकी के परिणामस्वरूप अफ्रीकी और भारतीय प्लेटों के यूरेशियन प्लेट के टकराने के कारण हिमालय और आल्प्स जैसे महान पहाड़ों की रचना हुई है।









प्रिय छात्रों ऊपर दिए गए मानचित्र के बारे में एक बार समझते हैं।

मानचित्र-।

पृथ्वी को भूमध्य रेखा से दो भागों में बांटा गया है-

1. **उत्तरी गोलार्द्ध**
2. **दक्षिणी गोलार्द्ध**

इसी प्रकार ग्रीनविच रेखा पृथ्वी को दो भागों में बांटती है-

1. पूर्वी क्षेत्र
2. पश्चिमी क्षेत्र

(देखे मानचित्र- 2)

नोट-

1. विश्व (अर्थात् पृथ्वी पर) में राजस्थान "उत्तर पूरब" दिशा में स्थित है। (देखे मानचित्र-)
2. एशिया महाद्वीप में राजस्थान "दक्षिणी पश्चिम" दिशा में स्थित है। (देखिए मानचित्र - 3,4)
3. भारत में राजस्थान उत्तर-पश्चिम में स्थित है। देखिए मानचित्र -4 (भारत)]

राजस्थान का विस्तार -इसका अध्ययन करने से पहले इससे जुड़े हुए कुछ अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझिए-

1. भूमध्य रेखा
2. कर्क रेखा
3. मकर रेखा
4. अक्षांश
5. देशांतर

इन मानचित्र को ध्यान से समझिए-





(मानचित्र न. 1)

(मानचित्र न. – 2)

नोट -भूमध्य रेखा :- "विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा" पृथ्वी की सतह पर उत्तरी ध्रुव एवं दक्षिणी ध्रुव से समान दूरी पर स्थित एक काल्पनिक रेखा हैंयह पृथ्वी को दो गोलार्द्धों, उत्तरी व दक्षिणी में विभाजित करती है।

इस रेखा पर प्रायः वर्ष भर दिन और रात की अवधि बराबर होती, यही कारण है कि इसे विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा कहा जाता है।

विषुवत रेखा के उत्तरी ओर पर कर्क रेखा है व दक्षिण की ओर पर मकर रेखा है।

नोट- पृथ्वी/ग्लोब को दो काल्पनिक रेखाओं द्वारा "**उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व-पश्चिम**"में विभाजित किया गया है । इन्हें अक्षांश व देशांतर रेखाओं के नाम से जानते है।

अक्षांश रेखाएं- वह रेखाएं जो ग्लोब पर पश्चिम से पूर्व की ओर बनी हुई है, अथार्त भूमध्य रेखा से किसी भी स्थान की उत्तरी अथवा दक्षिणी ध्रुव की ओर की कोणीय

दूरी को अक्षांश रेखा कहते है। भूमध्य रेखा को अक्षांश रेखा माना गया है। (देखें मानचित्र -1)

ग्लोब पर कुछ अक्षांशों की संख्या (90 डिग्री उत्तरी गोलार्द्ध में और 90 डिग्री दक्षिणी गोलार्द्ध में) कुल 180 डिग्री है तथा अक्षांश रेखा को शामिल करने पर इनकी संख्या 181 होती है।

देशांतर रेखाएं- उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव को मिलाने वाली 360 डिग्री रेखाओं को देशांतर रेखाएं कहा जाता है। ग्रीनविच, जहां ब्रिटिश राजकीय वेधशाला स्थित है, से गुजरने वाली याम्योत्तर से पूर्व और पश्चिम की ओर गिनती शुरू की जाए। इस याम्योत्तर को प्रमुख याम्योत्तर कहते है। इसका मान देशांतर है तथा यहां से हम 180 डिग्री पूर्व या 180 डिग्री पश्चिम तक गणना करते है।

नोट –उपर्युक्त विषय को अधिक विस्तार से समझने के लिए हमारी अन्य पुस्तक '**भारत एवं विश्व का भूगोल**' पढें"।

राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23°3" से 30°12" उत्तरी अक्षांश ही तक है जबकि राजस्थान का देशांतरीय विस्तार 69'30" से 78'17" पूर्वी देशांतर है। (देखें मानचित्र A, B)



(मानचित्र-A)

नोट- राजस्थान का कुल अक्षांशीय विस्तार **7°9"(30°12" 23°3")** है तथा कुल देशांतरीय विस्तार **8°47" (78°17" 69°30")** है।

1° = 4 मिनट

1" =111.4 किलोमीटर होता है।

राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किलोमीटर है जो कि संपूर्ण भारत का 10.41% है। भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किलोमीटर है जो संपूर्ण विश्व का 2.42% है।

1 नवंबर 2000 से पूर्व क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य मध्यप्रदेश था लेकिन 1 नवंबर 2000 के बाद मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ को अलग होने हो जाने पर भारत का सबसे बड़ा राज्य क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान बन गया।

2011 में राजस्थान की कुल जनसंख्या 68,548,437थी जो कि कुल देश की जनसंख्या का 5.67% है।

- ***कर्क रेखा राजस्थान में स्थित:-***



कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है-

- **(राजस्थान, मध्यप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, गुजरात, मिजोरम, त्रिपुरा)**
- राजस्थान में कर्क रेखा बांसवाड़ा जिले के मध्य से कुशलगढ़ तहसील से गुजरती है, इसके अलावा कर्क रेखा डूंगरपुर जिले को भी स्पर्श करती है अर्थात् कुल दो जिलों से होकर गुजरती है।
- राजस्थान में कर्क रेखा की कुल लंबाई 26 किलोमीटर है। राजस्थान का सर्वाधिक भाग कर्क रेखा के उत्तरी भाग में स्थित है।
- राजस्थान का कर्क रेखा से सर्वाधिक नजदीकी शहर बांसवाड़ा है।
- भूमध्य रेखा पर सूर्य की किरणें सर्वाधिक सीधी पड़ती है, अतः वहां पर तापमान अधिक होता है। जैसे-जैसे भूमध्य रेखा से दूरी बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सूर्य की किरणों का तिरछापन बढ़ता जाता है और तापमान में कमी आती जाती है।
- राजस्थान में बांसवाड़ा जिले में सूर्य की किरणें सर्वाधिक सीधी पड़ती है जबकि गंगानगर में सर्वाधिक तिरछी पड़ती है।

कारण- बांसवाड़ा सर्वाधिक दक्षिण में स्थित है तथा श्रीनगर सबसे उत्तर में स्थित है।

राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के अनुसार राज्य का सबसे गर्म जिला बांसवाड़ा होना चाहिए एवं राज्य का सबसे ठंडा जिला श्रीगंगानगर होना चाहिए लेकिन वर्तमान में राज्य का सबसे गर्म व सबसे ठंडा जिला चूरु है। यह जिला सर्दियों में सबसे अधिक ठंडा एवं गर्मियों में सबसे अधिक गर्म रहता है इसका कारण यहां पाई जाने वाली रेत व जिप्सम है।



मानचित्र को ध्यान से समझिए

नोट- जैसे कि ऊपर दिए गए मानचित्र में समझाया है कि, सूर्य 21 जून को सीधा कर्क रेखा पर और 22 दिसंबर को सीधा मकर रेखा पर चमकता है। इसके अलावा 21 मार्च और 23 सितंबर को सीधे भूमध्य रेखा पर चमकता है। अर्थात् 21 जून को कर्क रेखा पर सीधे चमकने के बाद जुलाई, अगस्त, सितंबर .... दिसंबर में जैसे-जैसे समय बढ़ता जाता है वैसे-वैसे सूर्य का सीधा प्रकाश मकर रेखा की ओर बढ़ता जाता है, फिर 22 दिसंबर तक मकर रेखा पर पहुंचने के बाद जनवरी, फरवरी........जून में जैसे-जैसे समय बढ़ता है वैसे-वैसे सूर्य का सीधा प्रकाश कर्क रेखा की ओर बढ़ता है।

अर्थात सूर्य की सीधी किरणें कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच में पड़ती है इस क्षेत्र को उष्णकटिबंधीय क्षेत्र कहते है। ध्रुवों पर सूर्य की किरणें ना पहुंचने के कारण वहां वर्ष भर बर्फ पाई जाती है।

इस प्रकार राजस्थान का सबसे दक्षिणी जिला बांसवाड़ा में सूर्य की सबसे ज्यादा सीधी किरणें पड़ती है (कर्क रेखा के सबसे नजदीक होने के कारण) इसलिए बांसवाड़ा को राजस्थान का सबसे गर्म जिला होना चाहिए, लेकिन चूरु सबसे गर्म जिला है (कारण-रेत) । इसी प्रकार सबसे उत्तरी जिला श्रीगंगानगर में सूर्य की सबसे ज्यादा तिरछी किरणें पड़ती है, इसलिए श्रीगंगानगर को राजस्थान का सबसे ठंडा जिला होना चाहिए लेकिन चूरु सबसे ज्यादा ठंडा जिला है (कारण-जिप्सम)



पूर्वी देशांतरीय भाग सूर्य के सबसे पहले सामने आता है, इस कारण सर्वप्रथम सूर्योदय व सूर्यास्त राजस्थान के पूर्वी भाग धौलपुर में होता है, जब कि सबसे पश्चिमी जिला जैसलमेर है। अतः जैसलमेर में सबसे अंत में सूर्योदय व सूर्यास्त होता है।

<u>विस्तार</u>:-

राजस्थान राज्य की उत्तर से दक्षिण तक की कुल लंबाई 826 किलोमीटर है तथा इसका विस्तार उत्तर में श्रीगंगानगर जिले के कोणा गांव से दक्षिण में बांसवाड़ा जिले की कुशलगढ़ तहसील के बोरकुंड गांव तक है।

इसी प्रकार पूरब से पश्चिम तक की चौड़ाई 869 किलोमीटर है तथा विस्तार पूरब में धौलपुर जिले के जगमोहनपुरा की ढाणी, सिलाना गांव से पश्चिम में जैसलमेर जिले के कटरा गांव (सम-तहसील) तक है।

<u>आकृति</u>

विषम कोणीय चतुर्भुज या पतंग के आकार के समान है। राज्य की स्थलीय सीमा 5920 किलोमीटर (1070 अंतरराष्ट्रीय व 4850 अंतर्राज्यीय) है।

रेडक्लिफ रेखा

रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान के मध्य स्थित है। इसके संस्थापक सर सीरिल एम. रेडक्लिफ को माना जाता है। इसकी स्थापना 14/15 अगस्त 1947 को की गई। इसकी भारत के साथ कुल सीमा 3310 किलोमीटर है। रेडक्लिफ रेखा पर भारत के ***तीन राज्य व दो केंद्र शासित प्रदेश*** स्थितहै।

1. पंजाब (547 कि.मी.)
2. राजस्थान (1070 कि.मी.)
3. गुजरात (512 कि.मी.)

केंद्र शासित प्रदेश

1. जम्मू-कश्मीर (1216 कि.मी. लद्दाख व J&K दोनों)
2. लद्दाख

रेडक्लिफ रेखा के साथ सर्वाधिक सीमा- ***राजस्थान*** (1070 कि.मी.)

रेडक्लिफ रेखा के साथ सबसे कम सीमा- गुजरात (512 कि.मी.)

रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक नजदीक राजधानी मुख्यालय- ***श्रीनगर***

रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक दुर राजधानी मुख्यालय- ***जयपुर***

रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में बड़ा राज्य- ***राजस्थान***

रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में सबसे छोटा राज्य- ***पंजाब***

- रेडक्लिफ रेखा के साथ राजस्थान की कुल सीमा ***1070 कि.मी.*** है। जो ***राजस्थान के पांच जिलों*** से लगती है।

1. श्रीगंगानगर
2. अनूपगढ़
3. बीकानेर.
4. जैसलमेर- 464 कि.मी.
5. बाड़मेर- 228 कि.मी.

- रेडक्लिफ रेखा राज्य में उत्तर में श्रीगंगानगर के ***हिन्दूमल कोट*** से लेकर दक्षिण - पश्चिम में बाड़मेर के बाखासर गाँव, सेडवा तहसील तक विस्तृत है।
- रेडक्लिफ रेखा पर पाकिस्तान के 9 जिले पंजाब प्रान्त का बहावलपुर, बहावल नगर व रहीमयारखान तथा सिंध प्रान्त के घोटकी, सुक्कुर, खैरपुर, संघर, उमरकोट व थारपाकर राजस्थान से सीमा बनाती है।

राजस्थान के साथ सर्वाधिक सीमा – ***बहावलपुर***

राजस्थान के साथ न्यूनतम सीमा- ***खैरपुर***

पाकिस्तान के दो प्रांत राजस्थान की सीमा को छूते हैं।

1. पंजाब प्रांत
2. सिंध प्रांत

- रेडक्लिफ रेखा एक कृत्रिम रेखा है।
- राजस्थान की रेडक्लिफ रेखा से सर्वाधिक सीमा जैसलमेर (464 कि.मी.) की लगती है।
- रेडक्लिफ के नजदीक जिला मुख्यालय –अनूपगढ़
- रेडक्लिफ के सर्वाधिक दूर जिला मुख्यालय - बीकानेर
- रेडक्लिफ रेखा पर सबसे बड़ा जिला - जैसलमेर
- रेडक्लिफ रेखा पर सबसे छोटा जिला - ***श्रीगंगानगर***



- **प्रतापगढ़ को प्राचीन काल में कांठल व देवला / देवलीया के नाम से** जाना जाता था।
  राजस्थान के दो जिले खण्डित जिले हैं - 1. अजमेर - टॉडगढ़ 2. चित्तौड़गढ़ - रावतभाटा
  राजस्थान में 7 अगस्त 2023 को **रामलुभाया समिति** के सुझावों मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 और नए जिलें बनानें की घोषणा की। इसके साथ ही राजस्थान में जिलों की संख्या 33 से बढ़कर 50 हो गयी तथा 3 नये संभाग बनाये गए जिससे संभागों की संख्या 7 से बढ़कर 10 हो गयी।
- नये जिलों के गठन के लिए 5 अगस्त 2023 को अधिसूचना जारी की गयी।
- 6 अगस्त 2023 को अधिसूचना का गजट में प्रकाशन हुआ।
- 7 अगस्त 2023 से अधिसूचना प्रभावी हुई।
- **3 नए संभाग इस प्रकार हैं-**
- बांसवाड़ा, पाली व सीकर
- **19 नए जिले निम्नलिखित हैं-**
- अनूपगढ़, बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन, दूदू, गंगापुर सिटी, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, केकड़ी, कोटपूतली-बहरोड, खैरथल, नीमकाथाना, सलूंबर, सांचौर और शाहपुरा

अनूपगढ़

- श्रीगंगानगर एवं बीकानेर जिलों का पुनर्गठन कर नया जिला अनूपगढ़ गठित किया गया है।
- इसमें 7 तहसील (अनूपगढ, रायसिंहनगर, श्रीविजयनगर, घड़साना, रावला, छत्तरगढ़, खाजूवाला) हैं।
- छत्तरगढ़ और खाजूवाला को बीकानेर से जोड़ा गया है, अन्य को श्रीगंगानगर से जोड़ा गया है।

बालोतरा

- बाड़मेर जिले का पुनर्गठन कर नया जिला बालोतरा गठित किया गया है।
- इस जिले में 7 तहसील (पचपदरा, कल्याणपुर, सिवाना, समदड़ी, बायतु, गिड़ा, सिणधरी) हैं।

डीडवाना-कुचामन

- नागौर जिले का पुनर्गठन कर नया जिला डीडवाना-कुचामन गठित किया गया है।
- इस जिले में 8 तहसील (डीडवाना, मौलासर, छोटी खाटू, लाडनूं, परबतसर, मकराना, नावां, कुचामनसिटी) हैं।

डीग

- भरतपुर जिले का पुनर्गठन कर नया जिला डीग गठित किया गया है।
- इस जिले में 9 तहसील (डीग, जनूथर, कुम्हेर, रारह, नगर, सीकरी, कामां, नुरहरा, पहाड़ी) हैं।

फलौदी

- जोधपुर जिले का पुनर्गठन कर नया जिला फलौदी गठित किया गया है।
- इस जिले में 8 तहसील (फलौदी, लोहावट, आऊ, दैचू, सेतरावा, बाप, घंटियाली, बापिणी) हैं।

जोधपुर (ग्रामीण)

- जोधपुर जिले का पुनर्गठन कर जोधपुर (ग्रामीण) जिला गठित किया जाता है।
- जोधपुर (ग्रामीण) जिले में 15 तहसील (जोधपुर उत्तर तहसील (जोधपुर का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोडकर शेष समस्त भाग), जोधपुर दक्षिण तहसील (जोधपुर का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोडकर शेष समस्त भाग) कुडी भक्तासनी, लूणी, झंवर, बिलाडा, भोपालगढ, पीपाड़सिटी, ओसियाँ, तिवरी, बावडी, शेरगढ, बालेसर, सेखला व चामू) हैं।

जोधपुर

- जोधपुर जिले का पुनर्गठन कर जोधपुर जिला गठित किया गया है।
- इस जिले में 2 तहसील जोधपुर उत्तर (जोधपुर तहसील का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग), जोधपुर दक्षिण (जोधपुर तहसील का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग) हैं।

गंगापुरसिटी

- **जिला मुख्यालय** - गंगापुरसिटी
- सवाईमाधोपुर एवं करौली जिलों का पुनर्गठन कर नया जिला गंगापुरसिटी गठित किया गया है।
- इस जिले में 7 तहसील (गंगापुरसिटी, तलावड़ा, वजीरपुर, बामनवास, बरनाला, टोडाभीम, नादोती हैं।
- टोडाभीम और नादोती तहसील को करौली से जोड़ा गया है। अन्य सभी को सवाईमाधोपुर से जोड़ा गया है।

दूदू

- **जिला मुख्यालय** - दूदू
- जयपुर जिले का पुनर्गठन कर नया जिला दूदू गठित किया गया।
- इस जिले में 3 तहसील (मौजमाबाद, दूदू, फागी) हैं।

जयपुर (ग्रामीण)

जिला मुख्यालय - जयपुर

जयपुर जिले का पुनर्गठन कर जयपुर (ग्रामीण) जिला गठित किया गया है।

जयपुर ग्रामीण जिले में 18 तहसील (जयपुर तहसील (जयपुर का नगर निगम जयपुर (हेरीटेज) एवं नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोडकर शेष समस्त भाग) तहसील कालवाड़ का नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग, तहसील सांगानेर का नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोडकर शेष समस्त भाग, तहसील आमेर का नगर निगम जयपुर (हेरीटेज) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोडकर शेष समस्त भाग, जालसू, बस्सी, तुंगा, चाकसू, कोटखावदा, जमवारामगढ, आंधी, चौमू, फुलेरा (मु.-

अध्याय – 2

भौतिक प्रदेश

नोटः- भौगोलिक रूप से राजस्थान को चार भौतिक प्रदेशों में बाँटा गया है-

1. **पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश** – वह क्षेत्र जहाँ पर रेगिस्तान पाया जाता है।
2. **अरावली पर्वतमाला** - वह क्षेत्र जहाँ पर अरावली पर्वतमाला का विस्तार है।
3. **पूर्वी मैदानी प्रदेश**- वह क्षेत्र जहाँ पर अधिकांश दोमट व जलोढ़ मिट्टी पाई जाती है।
4. **दक्षिणी - पूर्वी पठारी प्रदेश** - वह क्षेत्र जहाँ पर अधिकांश मात्रा में काली मिट्टी पाई जाती है, इस क्षेत्र को हाड़ौती का पठार भी कहते है।

इन चारों प्रदेशों का विस्तृत वर्णन इस प्रकार है-



पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेशः-

- जैसा कि पहले ही बताया जा चुका है कि राजस्थान का पश्चिमी मरुस्थलीय क्षेत्र टेथिस सागर का अवशेष है, और अरावली क्षेत्र गोंडवाना लैंड का हिस्सा है।

पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश का सामान्य परिचय :-

वर्तमान में रेगिस्तान का विस्तार राज्य के कुल 61.11 प्रतिशत हिस्से पर है।

नोटः- पहले ये क्षेत्र केवल 58 प्रतिशत भाग पर ही सीमित था, लेकिन वर्तमान में अरावली पर्वतमाला के कटी – फटी होने के कारण मरुस्थल का विस्तार पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ रहा है।

अरावली पर्वतमाला के पश्चिम में कुल 21 जिले स्थित हैं, उनमें से **20 जिलों में रेगिस्तान का विस्तार** है । यह जिले निम्न प्रकार है-

1. **बीकानेर संभाग** – गंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़, बीकानेर
2. **जोधपुर संभाग** – जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, बालोतरा, फलौदी, जैसलमेर, बाड़मेर
3. **सीकर संभाग** – झुंझुनू, सीकर, चुरु, नीमकाथाना
4. **अजमेर संभाग** – नागौर, ब्यावर, डीडवाना, कुचामन
5. **पाली संभाग** – पाली, जालौर, सांचौर, सिरोही (अपवाद)

नोटः – राज्य के सि**रोही जिले में मरुस्थल का विस्तार नहीं है** अर्थात् अरावली के पश्चिम में स्थित **21 जिलों में से सिरोही एक मात्र ऐसा** जिला है, जो मरुस्थलीय जिलों की श्रेणी में शामिल नहीं है।

- **थार का रेगिस्तान** राजस्थान के उत्तर-पश्चिम भाग और पाकिस्तान में सिंध तथा पंजाब तक फैला है।
- यह **उत्तर – पश्चिम में 644 किमी० लम्बा और 360 किमी० चौड़ा है** ।

- इस का सामान्य ढ़ाल **उत्तर – पूर्व से दक्षिण – पश्चिम** की ओर है ।
- मरूस्थल का **ऊँचा उठा हुआ उत्तर -पूर्वी भाग 'थली' तथा दक्षिण-पश्चिम भाग नीचे का 'तली** 'कहलाता है।
  इस मरूस्थलीय क्षेत्र में राज्य की कुल **जनसंख्या का लगभग 40** प्रतिशत हिस्सा निवास करता है।
  यह **विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला मरूस्थल** है तथा इसके अलावा यह विश्व में सर्वाधिक जैव विविधता वाला मरूस्थल भी है।
- थार के मरूस्थल की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ है, कि यह **विश्व का एक मात्र** ऐसा मरूस्थल है, जिसके निर्माण में **दक्षिण पश्चिम मानसूनी हवाओं का मुख्य योगदान** है।
- थार का मरूस्थल भारतीय उपमहाद्वीप में ऋतु चक्र को भी नियंत्रित करता है ।
- ग्रीष्म काल में तेज गर्मी के कारण इस प्रदेश में न्यून वायु दाब केन्द्र विकसित हो जाता है। जो दक्षिण - पश्चिमी मानसूनी हवाओं को आकर्षित करता है। यह हवायें सम्पूर्ण प्रायद्वीप में वर्षा करती है ।
- भारतीय उपमहाद्वीप में मानसून को आकर्षित करने में इस मरूस्थल की उपस्थिति अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।
  इस क्षेत्र में शुष्क एवं अत्यंत विषम जलवायु पाई जाती है और तापमान गर्मियों में अत्यधिक (49° C तक) तथा सर्दियों में न्यूनतम (3° C तक) रहता है।
  आँकल जीवाश्म पार्क, जलोद्भिद तलछट व लिग्नाइट, खनिज तेल इत्यादि से इस तथ्य की पुष्ठि होती है, कि **थार का मरूस्थल 'पर्माकार्बोनिफेरस युग'** में टेथिस सागर का हिस्सा था।
  नोटः-मरूस्थलीकरण का मूल कारण :-
  मरूस्थलीकरण की समस्या सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त है। विश्व की कुल जनसंख्या का छठवाँ हिस्सा मरूस्थलीकरण की समस्या से प्रभावित है।
  सन् 1952 में"Symposia on Indian Desert" का आयोजन किया गया जिसमें थार के मरूस्थल की उत्पत्ति पूर्व में इसका विस्तार आदि पर विस्तृत चर्चा की गई है।

<u>क्या होता है मरूस्थलीकरण?</u>

- उपजाऊ एवं अमरूस्थलीय भूमि का क्रमिक रूप शुष्क प्रदेश अथवा मरूस्थल में परिवर्तित हो जाने की प्रक्रिया ही मरूस्थलीकरण है ।
- मरूस्थलीकरण प्रकृति की परिघटना है जो **जलवायवीय परिवर्तन व दोष पूर्ण भूमि उपयोग के कारण होती है।**
- यह क्रम वृद्धि परिघटना है , जिसमें मानव द्वारा भूमि उपयोग पर दबाव के कारण परिवर्तन होने से परितंत्र का अवनयन होता है।

मरूस्थलीकरण का सबसे महत्त्वपूर्ण कारण-

- भूमि का अविवेकी उपयोग
- पशुचारण
- निरंतर वर्षा में कमी
- संसाधनों का अति दोहन
- जनसंख्या वृद्धि इत्यादि।

थार का मरूस्थल 'ग्रेट पेलियो आर्कटिक अफ्रीका' मरूस्थल का ही पूर्वी भाग है।

थार के मरूस्थल में स्थित प्रमुख उद्यान 'राष्ट्रीय मरू उद्यान' है।

मरूभूमि राष्ट्रीय उद्यान

राज्य का मरुस्थल उष्ण मरुस्थल की श्रेणी में आता है । इस क्षेत्र की प्रमुख फसलें बाजरा, मोठ, ग्वार, इत्यादि है तथा **प्रमुख नदी 'लूनी'** है तथा प्रमुख नहर 'इंदिरा गाँधी 'नहर हैं

इस क्षेत्र में तीन प्रकार का मरूस्थल पाया जाता है'
1. इर्ग 2. हम्मादा 3. रैंग'

- **रेतीले मरूस्थल को 'इर्ग' कहा जाता है।**
- **पथरीले मरूस्थल को हम्मादा** कहा जाता है इसका विस्तार जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर व जालौर तक है।
- ऐसा मरूस्थल जि**समें रेत व पत्थर दोनों पाए जाते है,** अर्थात् **मिश्रित मरूस्थल को ' रैंग' कहा जाता है।** यह जैसलमेर के निकट रामगढ़ व लोद्रवा क्षेत्रों में पाया जाता है।

प्रसिद्ध जन्तु वैज्ञानिक डॉ. **ईश्वर प्रकाश** ने कहा है कि राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र को मरू क्षेत्र नहीं कहकर **'रक्ष क्षेत्र'** कहा जाए क्योंकि यहाँ पर पर्याप्त मात्रा में **जैव विविधता** पाई जाती है।

नोटः- जोधपुर राज्य का एकमात्र ऐसा जिला है जिसमें **सभी प्रकार के बालूका स्तूप** पाये जाते हैं। **तथा सर्वाधिक बालूका स्तूप जैसलमेर जिले में पाए जाते हैं।**

<u>शुष्क मरूस्थल</u>

उत्तर - पश्चिम मरूस्थल का वह क्षेत्र जहाँ वनस्पति नगण्य या नाम मात्र की पाई जाती है, तथा वर्षा बहुत ही कम मात्रा में होती है। इस क्षेत्र में **वर्षा 0 से 25 से.मी.** तक होती है। इस क्षेत्र में **कांटेदार झाड़ियां** बहुतायात में पायी जाती है।

1. **बालूका स्तूप युक्त प्रदेश :-** उत्तर पश्चिम मरूस्थल का वह क्षेत्र जहाँ धोरे / टीले या टीबों का निर्माण होता है। यह राजस्थान के कुल मरुस्थल का 58.5 प्रतिशत है।
   बालूका स्तूप युक्त प्रदेश :- बालूका स्तूप युक्त प्रदेश के अन्तर्गत राज्य की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित 5 जिले श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, अनूपगढ़, तथा फलौदी, चुरू व पश्चिमी नागौर एवं जोधपुर जिला शामिल है।
2. **बालूका स्तूप मुक्त प्रदेश:-** उत्तर - पश्चिम मरूस्थल का वह क्षेत्र जहाँ धोरों का निर्माण नहीं होता है अर्थात् वह क्षेत्र जो चट्टानों से अच्छादित है बालूका स्तूप मुक्त प्रदेश है। यह राजस्थान के कुल मरुस्थल का 41.5 प्रतिशत भाग है ।

कोपेन का जलवायु का वर्गीकरण

- **1918 में डॉ. ब्लादिमिर कोपेन ने राजस्थान को चार जलवायु प्रदेशों में बाँटा है।** इन जलवायु प्रदेशों के **वर्गीकरण का मुख्य आधार वनस्पति था।**
- उनके अनुसार वनस्पति के द्वारा किसी स्थान पर वर्षा व तापमान के प्रभाव को ज्ञात किया जा सकता है। इन्होंने अपने वर्णन में कूट सांकेतिक शब्दों का उपयोग किया।

1. Aw / उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश
2. BShw / अर्द्ध शुष्क / स्टेपी जलवायु प्रदेश
3. BWhw / उष्ण मरुस्थलीय / उष्ण कटिबंधीय शुष्क जलवायु प्रदेश
4. Cwg / शुष्क शीत / उप आर्द्र जलवायु प्रदेश

1. Aw / उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश-

- **इस जलवायु प्रदेश के अंतर्गत बाँसवाड़ा व डूंगरपुर, सलूम्बर, बारां, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, कोटा एवं सिरोही** जिले आते हैं।
- इस प्रदेश का **प्रतिनिधित्व बाँसवाड़ा जिला** करता है।
- इस जलवायु प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी पड़ती है तथा वर्षा (औसत वर्षा 80 - 90 सेमी.) भी अधिकतम ग्रीष्म ऋतु में ही होती है। यहाँ का औसत तापमान - गर्मी में 30°-34° व सर्दी में 12°-15°C रहता है।
- सर्दी में शुष्क हवाएँ चलती है। यह क्षेत्र उष्ण कटिबंधीय घास के मैदानों तथा सवाना प्रदेशों से समानता रखते हैं।
- इस प्रदेश में लाल लोमी मध्यम काली मृदा पायी जाती है।
- **यहाँ पर मानसूनी जलवायु प्रदेश पतझड़ वन पाये जाते हैं।**

2. BShw / अर्द्ध शुष्क / स्टेपी जलवायु प्रदेश-

- इस प्रदेश में बाड़मेर, बालोतरा, जालौर, सांचौर, उत्तरी सिरोही पाली, ब्यावर, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, नागौर, डीडवाना-कुचामन, चुरू, झुंझुनू, सीकर तथा नीम का थाना आदि जिले आते हैं।
- इस प्रदेश का **प्रतिनिधित्व नागौर जिला** करता है। इस जलवायु प्रदेश में सर्दी की ऋतु शुष्क होती है तथा गर्मी के मौसम में भी अधिक वर्षा (औसत वर्षा 20-40 सेमी.) नहीं होती है।
- यहाँ का औसत तापमान में गर्मी 32°-35° व सर्दी में 10°-15°C रहता है। यहाँ स्टेपी प्रकार की वनस्पति पाई जाती है। **काँटेदार झाड़ियाँ व घास के मैदान यहाँ की विशेषता है।**
- **यहाँ एरिडीसोल प्रकार की मृदा पायी जाती है।**

3. BWhw / उष्ण मरुस्थलीय / उष्ण कटिबंधीय शुष्क-

- **इस प्रदेश में गंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़, पश्चिमी चुरू, पश्चिमी बीकानेर, जैसलमेर तथा फलौदी आदि जिले आते हैं।**
- इस प्रदेश का **प्रतिनिधित्व बीकानेर जिला** करता है।
- इस प्रदेश में शुष्क उष्ण मरुस्थलीय जलवायु की दशाएँ पाई जाती है जहाँ वर्षा (औसत वर्षा 10-20 सेमी.) कम होती है एवं वाष्पीकरण की प्रक्रिया अधिक होती है।
- तापमान - गर्मियों में 35 डिग्री तथा सर्दियों में 12 से 18 डिग्री सेंटीग्रेड।
- इस जलवायु प्रदेश में एंटीसोल मृदा तथा मरुद्भिद (जीरोफाइट) वनस्पति पायी जाती है।

4. Cwg / शुष्क शीत / उपआर्द्र जलवायु प्रदेश-

- इस प्रदेश के अन्तर्गत खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, अलवर, भरतपुर, डीग, दौसा, करौली, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी, केकड़ी, ब्यावर, अजमेर, टोंक, शाहपुरा, राजसमन्द, भीलवाड़ा, बूंदी व कोटा आदि जिले आते हैं।
- इस प्रदेश का प्रतिनिधित्व टोंक जिला करता है।
- साधारणतः यहाँ वर्षा ऋतु में ही वर्षा (औसत वर्षा 60-80 सेमी.) होती है।
- यहाँ का औसत तापमान - गर्मी में 30°-35° व सर्दी में 13°-20°C रहता है। यहाँ बीहड़ पाये जाते हैं।
- यहाँ एल्फीसोल मृदा तथा मिश्रित पतझड़ वन (धोंकड़ा वन) पाए जाते हैं।
- **पहाड़, पठार वनस्पति विहीन हो गये हैं। नीम, बबूल, शीशम के पेड़ बहुत हैं।**

1953 में कोपेन के शिष्य गिगर पॉल ने इसमें संशोधन करते हुए अंतिम रूप दिया और तब से इसे कोपेन - गिगर पॉल वर्गीकरण के नाम से जाना गया। इन्होंने जलवायु के वर्गीकरण में अंग्रेजी के छोटे-बड़े वर्णों का प्रयोग किया, जो निम्न प्रकार हैं-

A. तात्पर्य - अति आर्द्र जलवायु
B. तात्पर्य - बालू/रेत - शुष्क जलवायु
C. तात्पर्य - शीतोष्ण जलवायु
D. तात्पर्य – अल्प तापीय जलवायु
E. तात्पर्य - ध्रुवीय जलवायु

- राजस्थान में D व E प्रकार की जलवायु नहीं पायी जाती है।
- A व C जलवायु के वर्गीकरण का आधार तापमान, जबकि B जलवायु के वर्गीकरण का आधार वर्षा है।

h - तात्पर्य - hot (गर्म)
W - तात्पर्य - warm (गर्म)

s-तात्पर्य-स्टेपी → आधा गीला / आधा सूखा → अर्द्धशुष्क

g - तात्पर्य - गर्मी - वर्षा से

- S व W का प्रयोग B जलवायु के साथ होता है तथा का प्रयोग B जलवायु के साथ होता है।

कोपेन के अनुसार राजस्थान के जलवायु प्रदेश निम्न मानचित्र से समझिये –

कालीसिल, मोरेल, डाई, सोहादरा आदि नदियाँ शामिल होती हैं।

2. **अपवाह के आधार पर वर्गीकरण** - प्रिय छात्रों नदियों के विभाजन का सबसे अच्छा तरीका है और इसी आधार पर नदियों को तीन भागों में बाँटा गया है

(अ) बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियाँ

इस अपवाह तंत्र में प्रमुख नदियाँ शामिल होती है। जैसे **चंबल, बनास, कालीसिंध, पार्वती, बाणगंगा, खारी, बेड़च, गंभीरी, मेनाल, कोठारी, आहू, कालीसिंध तथा परवन आदि।** ये नदियाँ अरावली के पूर्व में बहती हैं इनमें कुछ नदियों का उद्गम स्थल अरावली का पूर्वी घाट तथा कुछ का मध्यप्रदेश का विंध्याचल पर्वत है। यह सभी नदियाँ अपना जल यमुना नदी के माध्यम से बंगाल की खाड़ी में ले जाती हैं।

(ब) अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ -

इस अपवाह तंत्र में शामिल प्रमुख नदियाँ हैं। जैसे **माही, सोम, जाखम, साबरमती, पश्चिमी बनास, लूणी, जोजड़ी, बांडी, सूकड़ी इत्यादि। पश्चिमी बनास, लूनी गुजरात के कच्छ के रण में विलुप्त हो जाती हैं,** ये सभी नदियाँ अरब सागर की ओर अपना जल लेकर जाती हैं।

(स) अंतः प्रवाह वाली नदियाँ -

बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियाँ और अरब सागर में गिरने वाली नदियों के अलावा कुछ छोटी नदियाँ भी हैं जो कुछ दूरी तक प्रभावी होकर राज्य में अपने क्षेत्र में विलुप्त हो जाती हैं तथा उनका जल समुद्र तक नहीं जा पाता है, इसलिए इन्हें आंतरिक प्रवाह वाली नदियाँ कहा जाता है, जैसे :- **काकनी, कांतली, साबी, घग्घर, मेंथा, बांडी, रूपनगढ़ इत्यादि।**

राजस्थान राज्य की नदियों से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य जो की परीक्षा की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं -

राजस्थान की अधिकांश नदियों का प्रवाह क्षेत्र अरावली पर्वत की पूर्व में है।

- **राजस्थान में चंबल तथा माही के अलावा अन्य कोई नदी बारह मासी नहीं है।**
- **राज्य में चूरू, बीकानेर व फलौदी तीन ऐसे जिले हैं जहाँ कोई नदी नहीं है।**
- श्रीगंगानगर में पृथक् से कोई नदी नहीं है लेकिन वर्षा होने पर घग्घर नदी का बाढ़ का पानी सूरतगढ़, अनूपगढ़ तक चला जाता है।
- राज्य के 60% भू-भाग पर आंतरिक जल प्रवाह का विस्तार है।
- राज्य में सबसे अधिक सतही जल चंबल नदी में उपलब्ध है।
- **राज्य में बनास नदी का जल ग्रहण क्षेत्र सबसे बड़ा है।**
- **राज्य में सर्वाधिक नदियाँ कोटा संभाग में** बहती हैं।
- **राज्य की सबसे बड़ी नदी चंबल है।**
- पश्चिमी राजस्थान की जीवन रेखा इंदिरा गांधी नहर परियोजना को कहते हैं।
- मारवाड़ की जीवन रेखा लूनी नदी को कहते हैं।
- बीकानेर की जीवन रेखा कंवर सेन लिफ्ट परियोजना को कहते हैं।
- राजसमंद की जीवन रेखा नंद समंद झील कहलाती है।
- भरतपुर की जीवन रेखा मोती झील है।
- गुजरात की जीवन रेखा नर्मदा परियोजना है।
- जमशेदपुर की जीवन रेखा स्वर्ण रेखा नदी को कहा जाता है। इस नदी पर हुंडरू जल प्रपात स्थित है।
- आदिवासियों की या दक्षिणी राजस्थान की जीवन रेखा माही नदी को कहा जाता है।
- पूरे राज्य में बहने वाली सबसे बड़ी नदी बनास है।
- भारत सरकार द्वारा राजस्थान भूमिगत जल बोर्ड की स्थापना 1955 में की गई थी। इस बोर्ड का नियंत्रण राजस्थान सरकार को सौंपा गया था। 1971 से इस बोर्ड को भूजल विभाग के नाम से जाना जाता है इसका कार्यालय जोधपुर में है।
- पूर्णत : राजस्थान में बहने वाली सबसे लंबी नदी तथा सर्वाधिक जल ग्रहण क्षेत्र वाली नदी बनास है।
- चंबल नदी पर भैंसरोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़) के निकट चूलिया जल प्रपात तथा मांगली नदी पर बूंदी में "भीमलत प्रपात" है।
- **अंतर्राज्य सीमा बनाने वाली एक मात्र नदी है चंबल,** जो कि राजस्थान व मध्यप्रदेश की सीमा बनाती है।
- टोंक जिले की राजमहल नामक जगह पर बनास नदी, डाई नदी तथा खारी नदी के द्वारा त्रिवेणी संगम बनाया जाता है। यहाँ शिव एवं सूर्य की संयुक्त प्रतिमा स्थित है, जो मार्तंड भैरव मंदिर या देवनारायण मंदिर के नाम से जाना जाता है यहाँ नारायण सागर बाँध स्थित है।

प्रिय छात्रों अब हम प्रत्येक अपवाह तंत्र को विस्तृत रूप से समझते हैं। सबसे पहले हम बंगाल की खाड़ी की ओर चले जाने वाली नदियों का अध्ययन करेंगे-

1. **चंबल नदी** –प्रिय छात्रों चंबल नदी के बारे में हम समझते हैं कि क्या है इसकी महत्त्वपूर्ण विशेषताएं

- चंबल नदी राजस्थान की एक मात्र ऐसी नदी है जो प्राकृतिक अंतर्राज्य सीमा (राजस्थान, मध्यप्रदेश) निर्धारित करती है। इस नदी को अन्य नामों से भी जाना जाता है इसके अन्य नाम है चर्मणवती नदी, कामधेनु नदी, बारह मासी नदी, नित्य वाहिनी नदी।
- इस नदी की **कुल लंबाई लगभग 1051 किलो मीटर है। यह नदी मध्यप्रदेश, राजस्थान व उत्तरप्रदेश अर्थात् 3 राज्यों में बहती है** यह नदी मध्यप्रदेश में लगभग 320 किलो मीटर, राजस्थान में लगभग 322 किलो मीटर, उत्तरप्रदेश में लगभग 157 किलो मीटर बहती है तथा मध्यप्रदेश, राजस्थान व उत्तरप्रदेश के मध्य 252 किमी लम्बी अंतरराज्यीय सीमा बनाती है।

चम्बल एवं इसकी सहायक नदियाँ

